**14/07**/202**5**

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज हरियाणा एवं गोवा में नए राज्यपालों और लद्दाख में नए उपराज्यपाल की नियुक्ति की। पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुष्पापति अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जबकि प्रो. अशीम कुमार घोष हरियाणा के राज्यपाल होंगे। कविंदर गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने लद्दाख के उपराज्यपाल, ब्रिगेडियर सेवानिवृत्त डॉ. बी. डी. मिश्रा का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया।

------------------------

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जटिल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच भारत और चीन के बीच विचारों और दृष्टिकोणों के खुले आदान-प्रदान के महत्व पर ज़ोर दिया है। डॉ. जयशंकर ने आज बीजिंग में चीन के उपराष्ट्रपति **हान झेंग** के साथ बैठक की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि दोनों देशों के बीच संबंधों के निरंतर सामान्यीकरण से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम निकल सकते हैं। मंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि इस यात्रा में उनकी चर्चाएँ इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी। वह कल **तियानजिन** शहर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की दो दिवसीय यात्रा पर हैं।

------------------------

भारत के विज्ञान और दृढ़ संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि, चंद्रयान-3 ने आज दो साल पूरे कर लिए हैं। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के

निकट ऊँचाई वाले क्षेत्रों में लैंडर और रोवर को स्थापित करना और संपूर्ण लैंडिंग एवं रोविंग क्षमताओं का प्रदर्शन करना था। 2023 में आज ही के दिन, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित LVM3 M4 रॉकेट ने चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया था।

------------------------

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों की वापसी यात्रा आज शुरू हुई। स्पेसएक्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पुष्टि की है कि क्रू कैप्सूल, ड्रैगन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो गया है। इसके अलावा, ड्रैगन पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश करेगा और कल लगभग 22.5 घंटे में कैलिफ़ोर्निया के तट पर उतरेगा।

------------------------

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक आज ओजू वेलफेयर एसोसिएशन मिशन एवं राजभवन के सौ से ज़्यादा बच्चों के साथ **'सितारे ज़मीन पर'** फ़िल्म की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुए। यह कार्यक्रम विविध और स्पेशियल बच्चों, जिनमें अनाथ और कठिन परिस्थितियों से गुज़रे बच्चे भी शामिल हैं, के लिए एक विशेष अनुभव प्रदान का पहला प्रयास था। यह पहल ज़रूरतमंद बच्चों से जुड़ने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए राजभवन के निरंतर प्रयासों का हिस्सा थी, जिससे आशा, समानता और देखभाल का संदेश मज़बूत हुआ।

------------------------

प्रेस इंफ़ॉर्मेशन ब्यूरो, ईटानगर द्वार आज **"गलत और भ्रामक सूचनाओ□से निपटने में मीडिया की भूमिका"** विषय पर एक **'वार्तालाप'** कार्यक्रम का आयोजन किया। इस संवादात्मक सत्र में मीडिया, सरकार और नागरिक समाज के प्रमुख हितधारकों ने फर्जी खबरों और भ्रामक सामग्री से उत्पन्न बढ़ती चुनौतियों पर विचार-विमर्श

किया और सामूहिक समाधान पर चर्चा की। इस अवसर पर, **वार्तालाप** पहल के तहत आयोजित 2024 मीडिया कार्यशाला पर एक रिपोर्ट भी जारी किया गया।

-----------------------

पापुमपारे उपायुक्त विशाखा यादव ने आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, पापुमपारे की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। समीक्षा बैठक का उद्देश्य जल जीवन मिशन-2025 की प्रगति और कार्यान्वयन रणनीति का आकलन करना था, जिसमें छूटे हुए और उभरते ग्रामीण परिवारों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में युपिया, सागली, नाहरलागुन और ईटानगर क्षेत्र के कार्यकारी अभियंताओं द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, जल जीवन मिशन □ांचे के अंतर्गत कुल 219 बस्तियों की पहचान छूटे हुए के रूप में की गई है।

-----------------------

पापुमपारे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के सहयोग से बुधवार को पारे जलविद्युत स्टेशन, नीपको में अपनी तरह का पहला मॉक अभ्यास आयोजित करेगा। यह अभ्यास बहु-खतरनाक आपदा परिदृश्यों के दौरान तैयारियों का आकलन करने और प्रमुख हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, विशेष रूप से जलविद्युत प्रतिष्ठानों और आसपास की बस्तियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए। पापुमपारे उपायुक्त विशाखा यादव ने जनता से इस दौरान नहीं घबराने की अपील करते हुए सभी नागरिकों से पूर्ण सहयोग करने और बुनियादी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का अनुरोध किया है।

-----------------------

तवांग उपायुक्त नामग्याल आंग्मो ने आज तवांग में आगामी उनासेवें स्वतंत्रता दिवस 2025 समारोह के लिए एक समन्वय बैठक का आयोजन किया। उपायुक्त ने इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस को पर्यावरण अनुकूल मनाने पर ज़ोर दिया और

सभी विभागों से सजावट के लिए प्लास्टिक और सिंथेटिक सामग्रियों का कम से कम उपयोग करने का आह्वान किया।

------------------------

भारतीय सेना ने ईस्ट सियांग ज़िले के रुक्सिन सब डिविशन के नामसिंग गाँव के निवासियों को आधिकारिक तौर पर एक ओपन जिम समर्पित किया है। यह परियोजना ऑपरेशन सद्भावना के तहत क्रियान्वित की गई है।

------------------------

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की सभावना है। इसके अलावा मौसम विभाग ने, आज से 17 जुलाई तक बारिश में वृद्धि का अनुमान भी व्यक्त किया है।

------------------------